# अनुशासन का मानव जीवन में बहुत महत्व : मुकेश अग्निहोत्री

## उप-मुख्यमंत्री ने 10 दिवसीय एनसीसी कैंप का किया समापन

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**अनुशासन का** मानव जीवन में बहुत महत्व है। अनुशासन के बिना व्यक्ति लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता, इसलिए विद्यार्थी को सफ ल जीवन के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प के साथ-साथ अनुशासन में रहकर कार्य करना चाहिए। यह उद्गार उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को कालाअंब में प्रथम हिमाचल प्रदेश बालिका बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा प्रदेश की 569 एनसीसी कैडेट्स के 21 दिसंबर से शुरू हुए 10 दिवसीय कैंप के समापन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थी में अनुशासन और राष्ट्र भक्ति की भावना पैदा करती है। उन्होंने कहा कि कैडेट्स ने जो भी यहां सीखा उसे अपने जीवन में जरूर अपनाएं। उन्होंने कहा कि सर्वोपरि राष्ट्र है, एनसीसी यही सिखाती है। प्रशिक्षण में कैडेट्स को अच्छे संस्कार मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त हिमाचल हो इसके लिए नशे के कारोबारियों को नहीं बक्शा जाएगा। प्रदेश सरकार भावी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कड़े कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान प्रदेश में 12 हजार करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है। प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेसहारों का सहारा है। सुख आश्रय योजना के माध्यम से 4 हजार बच्चों को हर महीने 4 हजार रुपये प्रति बच्चे के हिसाब से दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस बहाल कर दी गई है, जिससे वह सेवानिवृत होने के बाद पूरी प्रतिष्ठा व सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे।



# एसजेवीएन ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों से 10,000 करोड़ रुपए की कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सुविधा हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष** और प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अवगत करवाया कि एसजेवीएन ने प्रमुख घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय ऋ णदाताओं के एक समूह से अपनी आगामी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को फंडिंग करने हेतु 10,000 करोड़ रुपए 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सुविधा हासिल की है। कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सुविधा पीएसयू निकाय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा की गई एक अनूठी पहल है। शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड एसजीईएल ने एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड एसबीआई कैप्स के साथ मिलकर यह पहल की है। एसजीईएल की ओर से एसबीआई कैप्स लेनदेन हेतु एकमात्र परामर्शदाता एवं व्यवस्थाकर्ता के रूप में कार्य किया। कंस्ट्रक्शन फ इनेंस को ऋ णदाताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और इसे ओवर-सब्सक्राइब किया गया। विस्तृत चर्चा और विचार-विमर्श के उपरांत पांच बैंकों अर्थात डयूश बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और एमयूएफ जी बैंक के प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है। यह ऋ ण सुविधा रिवॉल्विंग प्रकृति की है जो एसजेवीएन को अपनी परियोजनाओं की निर्माण आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर आधार पर धन निकासी की अनुमति देती है। यह सुविधा एसजेवीएन को अपनी निमार्णाधीन आरई परियोजनाओं के विकास की तीव्रता को सक्षम बनाएगी। यह सुविधा एसजेवीएन को वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के भारत सरकार के लक्ष्य में अपना योगदान देने में सक्षम बनाएगी।



## न्यूज फ्लैश

### इन्नरव्हील क्लब पांवटा ने स्कूली बच्चों को गर्म स्वेटर बांटे

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। इन्नरव्हील** क्लब पांवटा साहिब के द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय साल वाला के विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर भेंट किए गए। विद्यालय समिति की अध्यक्षा इंदिरा देवी एवं स्कूल की सी एचटी अनीता देवी ने इनर व्हील क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद चौधरी भाजपा उपाध्यक्ष, रीना देवी, मनीष देवी, सुरेश कुमार, माया देवी आदि सदस्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की प्रधान अंजू वर्मा सेक्रेटरी शिवानी वर्मा रितु गुप्ता जी कृष्ण धीमान और मीनू उपस्थिति रही। अध्यक्षा अंजू वर्मा और सेक्रेटरी शिवानी वर्मा ने समाज सेवी विशाल खोसला को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया जिनके सौजन्य से यह स्वेटर भेंट दी गई थी और उन्हीं के भेंट के द्वारा हमारे क्लब की बहनों ने स्कूल को यह स्वेटर प्रदान किये।

### रायसन में 2 से 6 जनवरी तक नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन कैम्प लगाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। राष्ट्रीय** दृष्टिविहीनता निवारण समिति व एम्स के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में कुल्लू जिला के रायसन स्थित आंखों के असप्ताल में 2 से 6 जनवरी तक नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल प्रभारी डॉ डेनिस ने बताया कि 2 से 5 जनवरी तक जांच व भर्ती की जाएगी। इस दौरान भर्ती होने वाले मरीजों के रहने का इंतजाम अस्पताल प्रशासन की ओर से निःशुल्क होगा जबकि मरीज को बिस्तर साथ लाना होगा, वहीं आधार कार्ड, आईआरडीपी कार्ड भी साथ लाना होगा।

### प्राणी उद्यान पार्क बनखंडी में होगा पर्यावरण मित्र प्रौद्योगिकी का समावेश

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा जिले के देहरा उपमंडल के बनखंडी में 619 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक अत्याधुनिक प्राणी उद्यान स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना तीन चरणों में विकसित की जाएगी और दिसंबर, 2024 तक इसके पहले चरण को कार्यशील करने की योजना है। इस प्राणी उद्यान में पर्यटकों को प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का सफ ल कार्यान्वयन प्रधान मुख्य वन्य अरण्यपाल (पीसीसीएफ ) वन्य जीव एवं मुख्य वन्य जीव वार्डन (सीडब्ल्यूएलडब्ल्यू) के नेतृत्व में एक संचालन समिति सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का समुचित दोहन करने के उद्देश्य से इस प्राणी उद्यान के डिजाइन में क्षेत्र की विविध पर्यटन क्षमताओं का समावेश किया गया है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्राणी उद्यान पार्क का मास्टर ले-आउट प्लान और प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इस परियोजना को तैयार करने में पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों, नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों और कुशल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को शामिल किया गया है।

### होली चाइल्ड स्कूल जोगिंद्रनगर में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। जोगिंद्रनगर** के होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन विभाग के द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया ओर बच्चों को आपदा से कैसे बचना चाहिए और कहीं आग लग जाए तो दुर्घटना स्थल में घायलों की कैसे सहायता करनी चाहिए मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया। अग्निशमन विभाग में प्रयोग होने वाले उपकरणों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल निदेशक कौशल्या ठाकुर स्कूल प्रधानाचार्य ने अग्निशमन विभाग से आए प्लाटून कमांडर नागेश्वर कुमार, प्रशामक लेख राम, जोगिंद्र सिंह, गृह रक्षक बाली राम, ड्राइवर प्रवीण कुमार का धन्यवाद किया।

# प्रदेश सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में अग्रसर : जगत सिंह नेगी

**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**राजस्व, बागवानी** एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज 39.50 लाख रूपए की अनुमानित लागत से निर्मित होने वाले कोठी महिला मण्डल भवन का शिलान्यास किया व देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत की। राजस्व मंत्री ने कहा की आगामी समय में देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी में वाणिज्य की कक्षाएं भी आरंभ की जाएगी। उन्होंने कहा की पांच छह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को क्लस्टर स्कूल में मिलाकर आरंभ किया जाएगा ताकि स्कूलों में विद्यार्थियों को एक ही जगह पर गुणवक्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा की देवी चंडिका विद्यालय क्षेत्र का बेहतरीन स्कूल है व शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने ने बताया कि शिक्षा प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है। जहाँ बच्चों की संख्या बहुत कम है जिनमें गुणवश्रपूर्ण शिक्षा दे पाना सम्भव नहीं है। बच्चों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन करना होगा। राजस्व मत्रीं ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में राजीव गांधी गवरनमेंट मॉडल डे.बोर्डिंग स्कूल खोलने की दिशा में कार्य कर रही है इनमें प्री-प्राईमरी से बारहवीं तक की शिक्षा सुविधा के साथ सभी प्रकार की इन्डोर एवं आउटडोर खेल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जहाँ पानी की समुचित उपलब्धता होगी वहाँ स्वीमिंग पूल का भी प्रावधान किया जाएगा। राजस्व मंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की पत्रिका चंडिका का विमोचन भी किया तथा स्कूल को खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी के प्रधानाचार्य कृष्ण गोपाल नेगी ने स्वागत संबोधन दिया और पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी देवी चंडिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठी स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में 6 कक्षा के आदित्य, 7 कक्षा की रिधिमाए 8 कक्षा के लोकेश बौद्व 9 कक्षा की रिमरन, 10 कक्षा के आर्यन प्रधान, 11 कक्षा के आयुष तथा 12 कक्षा की श्रुति को सम्मानित किया। इस वर्ष विघालय में पूर्ण रूप से उपस्थित होने के लिए 6 कक्षा की वंशिका, 7 कक्षा की अदिति, 8 कक्षा के सूयार्श, 9 कक्षा की सरोज कुमारी, 10 कक्षा की करिना देवी, 11 कक्षा की करिश्मा तथा 12 कक्षा के आयुष को पुरस्कृत किया गया।



# मतदाताओं को करें जागरूक : सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**व्यवस्थित मतदाता** शिक्षा तथा निर्वाचन भागीदारी कार्यक्रम (स्वीप) कोर कमेटी की बैठक गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होने बताया कि जिला सिरमौर की सभी पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत मतदान केन्द्रों पर 11 दिसम्बर से 30 जनवरी, 2024 तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वैरिफ ायवल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवी पैट) के विषय में लोगों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला की लक्षित आबादी के मतदाताओं का पंजीकरण तथा उन्हें चुनावी साक्षरता सामग्री के माध्यम से संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 9वीं से 12वीं कक्षाओं की चुनावी पाठशालाओं में ईएलसी व ईसीआई संसाधन सामग्री के माध्यम से भी शिक्षित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान जिला में 85 प्रतिशत का मतदान लक्ष्य रखा गया है जोकि लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान 76 प्रतिशत थी। उन्होने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आइकन नियुक्त किए जाएंगे जो विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को जागरूक व मतदान के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



# फतेहपुर भाजपा ने खोया एक मजबूत स्तम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/ विजय समयाल**

**फ तेहपुर के कस्बा** बनाल सबंन्धित भाजपा के सबसे पुराने दिग्गज नेता डॉक्टर सतीश शर्मा का देर रात चंडीगढ़ के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से जहां उनके परिबार ब क्षेत्र में मातम पसरा है। तो वहीं फतेहपुर भाजपा ने भी एक मजबूत स्तम्भ खो दिया है। उनके निधन पर जहां भाजपा के दिग्गज नेताओं ने दुख प्रकट किया तो वहीं कांग्रेस के भी आला नेताओं ने संबेदनाएं प्रकट की। ज्ञात रहे डॉक्टर सतीश शर्मा बिधानसभा फतेहपुर के एक ऐसे एकमात्र कर्मठ नेता रहे हैं जिन्होंने हर परिस्थिति में जहां कांग्रेस नेताओं के साथ परिबरिक रिश्ते बनाये रखे तो भाजपा को एक जुट रखने को प्रयासरत रहे। उनके निधन से जहां उनके परिबार ब क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचा है तो वहीं फतेहपुर भाजपा के लिए एक कभी न भूलने बाला गम दे दिया है।सन्द रहे डॉक्टर सतीश शर्मा आजकल संगठनात्मक जिला नुरपुर के जिला वरिष्ट उपाध्यक्ष के पद पर आसीन थे।



# नेक एक्रीडिटेशन को लेकर डॉ. वाईएस परमार कॉलेज में बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**डॉ. वाईएस परमार** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में क्लस्टर लेवल आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल की मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने की। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय संगडाह से डॉ. देवराज व डॉ. जगदीश चंद, ददाहू से डॉ. रमेश कुमार, नोहराधार से डॉ. वेद प्रकाश व डॉ. दीवान चंद, सराहां से कोऑर्डिनेटर डॉ. राजन कौशल, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय नाहन से कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीत पॉल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन से कोऑर्डिनेटर प्रो. रीना चौहान, डॉ. रविकांत व कार्यालय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने भाग लिया।डॉ. रविकांत शर्मा अस्सिस्टेंट कोऑर्डिनेटर ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया।



# नशा तस्करों पर सोलन पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक जारी

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**नशा तस्करों** पर लगातार सोलन पुलिस नकेल कस रही है। इसको लेकर बाहरी राज्यों में सोलन पुलिस दबिश भी दे रही है और नशा तस्करों की धरपकड़ भी पुलिस द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में दो चिट्टा आरोपियों को सोलन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसम्बर को सोलन जिला की स्पेशल टीम ने दो आरोपी जो काफ ी समय से बाहरी राज्य से काफ ी मात्रा में चिट्टा खरीद करके शिमला के रामपुर और कुल्लू के निरमण्ड बॉर्डर एरिया में नौजवानों को बेचने में लगे हुए थे। इस पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए इन दोनों आरोपियों सुनील कुमार और. संदीप ठाकुर दोनों निरमडं जिला कुल्लू निवासी को 21 ग्राम से ज्यादा चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया तथा इस सन्दर्भ में थाना सदर सोलन में मामला दर्ज किया। दोनों आरोपी को पुलिस हिरासत रिमाँड पर लेकर जाँच की गई जिसमें एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ जिस पर इस मामले में गठित करके जाँच की गई जिसमे पता चला कि आरोपी संदीप पिछले 4 सालों से चिट्टा तस्करी में संलिप्त है। पूछताछ और अकाउंट डीटेल्स से पता चला कि पिछले कुछ सालों में ही ये 3 किलो से ज्यादा की चिट्टा तस्करी इस एरिया में कर चुका है और 60 लाख रुपए से ज्यादा का व्यापार कर चुका है। यह एक अन्य आरोपी संजय ठाकुर निवासी निरमंड के साथ मिलकर तस्करों से पैसों का लेन देन करके चिट्टा की ख?ीद फ रोख़्त करता है। जिसपर आरोपी संजय को भी गिरफ्तार किया गया है इसके बैंक अकाउंट से पिछले एक महीने में ही बाहरी राज्य के तस्करों के नेटवर्क को 2.5 लाख से ज्यादा रुपए देकर 4 बार चिट्टा की खेप ख?ीदी है जो 150 ग्राम चिट्टा से भी ज्यादा है। इसके अलावा नकद्द भुगतान करके भी चिट्टा की ख?ीद फ ?ोख़्त की गई है। इन आरोपियों द्वारा मुख्यतया इस नेटवर्क के फ इनेंसियल मैनेजर आरोपी जितेंदर कुमार निवासी जिला कैथल हरियाणा और विक्रम भौरिया निवासी जिला कैथल हरियाणा के साथ लाखों रुपयों का लेन देन किया गया है। विक्रम ने पिछले सिर्फ तीन महीनों में ही 32 लाख रुपए से ज्यादा की बैंक ट्रांजैक्शंस करके चिट्टा तस्करी को अंजाम दिया है। इस नेटवर्क में संलिप्त आरोपियों से जुड़े हिमाचल प्रदेश के युवाओं के कनेक्शन्स को स्टडी किया गया जिसमें पाया गया कि ये आरोपी हजारों हिमाचली युवाओं को चिट्टा बेचते हैं।




**HP.PWD**
**TENDER NOTICE**

Sealed Percentage tenders are hereby invited on behalf of the Governor of HP for the following works from the eligible contractor enlisted in the appropriate class in HPPWD. So as to reach in the office of the Executive Engineer, Shimla Division No-I, HPPWD Shimla-3 on or before 10-01-2024 up to 1030 A.M. The tenders will be opened on the same day at 11.00AM. in the presence of the intending contractors or their authorized agents who may wish to be present. The applications for issue of tender forms shall be received 08-01-2024 from 10.00 A.M. to 4.00 P.M alongwith FDR for the required amount. The tender form shall be issued on 09-01-2024 from 10.00 A.M. to 4.00 P.M.

The intending contractors shall bring their registration letter renewal of their enlistment and proof of CST/GST/ otherwise the tender documents shall not be issued to them.

The Earnest money as shown below shall accompany the tender in the shape of NCS/Time deposit receipt or post office Saving Bank Account in H.P. duly pledged in the name of Executive Engineer. The contractors who do not deposit the earnest money in the prescribed manner, their tender shall summarily be rejected without assigning any reason. The tenders offer shall be kept open for 30 days.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost | Earnest Money | Time Allowed | Form Cost. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Reconstruction & Restoration on Victory Tunnel to Sanjauli Dhalli Bye pass road in km. 0/00 to 8/370 (SH:- Construction of Retaining wall at RD. 8/170 to 8/177). | 401727/- | 8100/- | 30 days | 350/- |
| 2 | Repair/Renovation of Assistant Engineer Mechanical sub Division office Dhalli at Bhatta Kuffer Shimla (SH:- Pine wood ceiling lining tile flooring painting and Distempering & Sanitary fittings etc). | 455451/- | 9200/- | 30 days | 350/- |
| 3 | A/R & M/O to MDR-66 (SH:- Repair and providing and fixing floor tiles in pedestrian path of Combermere bridge approach portion at RD. 149/015 to 1049/072). | 199112/- | 4000/- | 30 days | 350/- |
| 4 | Reconstruction & Restoration on Bye pass to kufri market road in km. 0/00 to 0/700 (SH:- Construction to Retaining wall between at RD. 0/180 to 0/190). | 423005/- | 8500/- | 30 days | 350/- |
| 5 | A/R & M/O to type-I to VI at mehli Kasumpti Shimla (SH:- Providing and Fixing paneled glazed and wire gauge shutters in type-III Qtrs at Mehli Shimla). | 236367/- | 4800/- | 30 days | 350/- |
| 6 | A/R & M/O to MDR-66 in km. 0/00 to 11/540 (SH:- Topographical land survey contour plan of both side of road depiction of revenue plan etc for Widening/Improvement of KSC road (Cart Road) between the portion in km. 148/470 to 148/990). | 120000/- | 2500/- | 30 days | 350/- |
| 7 | A/R & M/O to various Residential Qtrs under at Kasumpti (SH:- Providing and fixing PVC in Type-III set No.171 Bed Room of Type-III 131 Drawing room of Type-V set No.16 woven Carpet in Type-IV set No.40 and 9mm ply in type-III set no.171 Shimla-9). | 152295/- | 3100/- | 30 days | 350/- |
| 8 | Reconstruction & MDR-67 Victory Tunnel to Dhalli by pass road at RD. 0/00 to 6/284 (SH:- Construction of Breast wall at RD. 6/110 to 6/120) (Below Pathak Niwas). | 481679/- | 9700/- | 30 days | 350/- |
| 9 | Reconstruction & Restoration on Nav Bahar Bhattia road in km. 0/00 to 2/250 (SH:- Providing and laying Hume pipe culverts between at RD. 0/00 to 2/185 at various location for safe disposal of Road water). | 307704/- | 6200/- | 30 days | 350/- |

**Terms & Conditions:-**

1. The contractor/firm shall have his GST No. and attested copy of the same be attached with the application for issue of tender form.
2. The contractor/firm should attach attested copy of registration/renewal.
3. Copy of PAN card be attached with the application form.
4. Copy of EPF be attached with the application form.

R.O.N-4688/2023-2024

**HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK**

# विधायक नीरज नैय्यर ने की सीसे स्कूल भड़ीयांकोठी के पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**सदर विधायक** नीरज नैय्यर ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भड़ीयांकोठी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है शिक्षा की बुनियाद जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही सुनहरा होगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी स्तर पर गुणात्मक व आधुनिक शिक्षा सुविधा घरद्वार पर उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ



अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका सवार्गीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके।राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भडीयाकोठि के तहत बोर्ड परीक्षाओं का बेहतर परिणाम रहने पर स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए नीरज ने स्कूल में सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के दौरान नीरज ने विद्यालय की पत्रिका अनुभूति का भी विमोचन किया और स्कूल द्वारा आरंभ की गई प्रोत्साहन राशि के तहत पांच विद्यार्थियों को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के तौर पर वितरित की। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी।इसके उपरांत विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना। अधिकतर का मौके पर ही निपटारा कर दिया और शेष समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# विधायक नीरज नैय्यर ने की एग्री–फैस्ट की अध्यक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**कृषि विज्ञान** केंद्र चंबा के तत्वाधान में जिला में युवाओं और स्कूली बच्चों में कृषि एवं बागवानी संबंधी शिक्षा की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से एग्री-फैस्ट का आयोजन किया गया। एग्री-फैस्ट में सदर विधायक नीरज नैय्यर ने मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक कृषि एवं बागवानी में कॅरिअर की अनेक संभावनाएं होने के बावजूद भी युवा वर्ग कृषि और बागवानी क्षेत्र से दूरी बना रहे है। उन्होंने कहा कि डॉ यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के द्वारा प्रदेश के सैकड़ो युवाओं को प्रत्येक वर्ष कृषि और बागवानी क्षेत्र में उच्च शिक्षा



उपलब्ध करवाई जा रही है जिससे व्यावसायिक एवं योजनाबद्ध कार्य से उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आर्थिकी को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में कृषि और बागवानी क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ.साथ कृषि और बागवानी क्षेत्र में भी रुचि लेनी चाहिए।कार्यक्रम के तहत भगोत में आयोजित एग्री-फैस्ट में जिला चंबा के 15 स्कूलों के लगभग 400 विद्यार्थियों सहित 100 अध्यापकों ने भाग लिया।इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान संबंधी मॉडल का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों के बीच विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसके लिए विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# नववर्ष के चलते परवाणू से शिमला बाउंड्री तक हाईवे पर सोलन पुलिस करेगी पेट्रोलिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**नववर्ष को** लेकर पुलिस प्रशासन सोलन ने अपनी पूर्ण तैयारी कर ली है और जगह-जगह पुलिस बल को भी तैनात कर दिया है यह जानकारी डीएसपी सोलन भीष्म ठाकुर ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उनका कहना है कि दो रिजर्व अलग से आमंत्रित की गई है और उन्हें परवाणु से लेकर कंडाघाट तक तैनात भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे को 7 बीटो में डिवाइड किया गया है और 7 बीटो में 14 पुलिस कर्मी




बाइक और गाडि?ों में 24 घंटे तैनात होंगे और यह तैनाती प्रयत्को की सुविधा के लिए की गई है ताकि हाईवे पर जाम की स्थिति न बनी रहे और किसी तरह की अन्य दुर्घटना भी ना हो। डीएसपी का कहना है कि कंडाघाट परवाणु धर्मपुर और कसौली पुलिस स्टेशनों को अतिरिक्त फ ोर्स दे दी गई है पुलिस विभाग चप्पे चप्पे पर निगरानी रख रहा है अगर कोई हुड़दंग या कोई अन्य क्राइम करता है तो उस पर पुलिस प्रशासन तुरंत कार्यवाही अमल में लायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के मुख्य पर्यटन स्थल चायल, कसौली, सोलन में पुलिस अलर्ट है और यहां पर पुलिस ने जवानों की तैनाती भी की है। इसी के साथ एनएच पांच पर हुड़दंगबाजों पर नकेल कसने के लिए एनएच पांच पर सीसीटीवी कैमरे भी इंस्टॉल किए है।

# जनविरोधी निर्णयों व कर्ज के लिए जानी जाएगी कांग्रेस सरकार: रणधीर शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा प्रदेश** मीडिया संयोजक एवं विधायक रणधीर शर्मा ने गत दिवस को शिमला में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार का 12 महाने का कार्यकाल जहां जन विरोधी निर्णयों के लिए जाना जाएगा, वहीं 12 हजार करोड़ कर्ज लेने के लिए भी याद किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पर्यटकों के सम्बध में मुख्यमंत्री ने जो ब्यान दिया है। उसे भारतीय जनता पार्टी गैर जिम्मेदाराना मानती हैं। हिमाचल की सरकार द्वारा लिए गए निर्णय और मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया



ब्यान प्रदेश की बिगड़ रही कानून व्यवस्था को और बिगाड? में सहायक सिद्ध होंगे। जिस तरह से मुख्यमंत्री ने ब्यान दिया और जिन शब्दो का इस्तेमान उन्होनें किया वह किसी भी मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देते, वहीं मुख्यमंत्री पद की गरीमा को भी ठेस पहुंचाई गई। उनके द्वारा दिए गए ब्यान में कहा गया कि जो पर्यटक झूमेगें उन्हें पुलिस होटल छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ये सभी निर्णय नशे को बढ़ावा देने की ओर इशारा कर रहें हैं। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पाटी कांग्रेस के मुख्यमंत्री के इन ब्यानों को दुर्भाग्यपुर्ण मानती हैं। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री के ब्यान से अगर लोकल व्यक्ति अगर ऐसी अवस्था में पाया जाए तो उन्हें सख्ती से देखा जाएगा। इससे तो साफ दिखता हैं कि हिमाचल में दोहरी कानून व्यवस्था अपनाई जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश वासियों के अलग कानून और पर्यटकों के लिए अलग। मुख्यमंत्री के ऐसे ब्यान पर शंका है कि इस ब्यान के बाद पर्यटकों के साथ अनेक सामाजिक व अपराधिक तत्व प्रदेश में घुस सकते हैं और मुख्यमंत्री के इस ब्यान का फायदा उठा कर प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी बिगाड? का प्रयास कर सकते है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सरकार से यह मांग करती हैं कि मुख्यमंत्री को यह ब्यान वापिस लेना चाहिए और पुलिस अपनी कार्यवाही करें।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक भी मंत्री बनने का इंतजार करते रहें परन्तु साल खत्म होने के उपरान्त मंत्री तो बन गए अब विभागों का इंतजार कर हैं। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस जन विरोधी सराकर का, जनता को इंतजार करने वाली सरकार का और गांरटी व वायदे देकर चुनाव जितने वाली सरकार का विरोध करती हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लोकसभा चुनाव में उठाएंगें।

# सरकार चुन-चुन कर, कर रही है कर्मचारियों का तबादला

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री। हिमाचल** परिवहन मजदूर संघ की राज्य स्तरीय बैठक शुक्रवार को विश्वकर्मा मंदिर परिसर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्यार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पूरे प्रदेश के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में कई मांगों पर मंथन किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्यार सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष बाला दत्त ने कहा कि जिस तरह से वर्तमान कांग्रेस सरकार चुन-चुन कर कर्मचारियों के तबादला कर रही है उससे कर्मचारी खफा है।

# जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**सितम्बर 2023 तिमाही** की कुल्लू जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आज अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार की अध्यक्षता जिला परिषद भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने वित्तीय वर्ष के 2023-24 के दौरान शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने पर बैंकों को बधाई दी एवं भविष्य में बैंकों से गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋ ण प्रदान करने का आह्वान किया। साथ ही साथ उन्होंने ने सभी



बैंको को ऋ ण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकों में बढ़ते अनर्जक अस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग की बात कही। उन्होंने बैठक के दौरान जिला कुल्लू की पीएलपी का विमोचन भी किया। डीडीएम नाबार्ड ऋषभ ठाकुर ने बैठक में बताया कि वर्ष 2024-25 में जिला कुल्लू के लिए रू2001.23 करोड़ के लक्ष्य रखे गए हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान जिला कुल्लू में 1874.60 रुपये प्राथमिकता क्षेत्र की योजनाओं के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत दिया गया। राकेश कौल उप मण्डल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक मंडी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा को सम्बोधित किया एवं सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए वार्षिक केडिट योजना के अर्धवार्षिक लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी।

# रेहड़ी–फहड़ियों ने किया मनाली मार्केट पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

**प्रदेश सरकार** तो व्यवस्था परिवर्तन का नारा बुलंद किए हुए है लेकिन यह आवाज शायद ही मनाली शहर की व्यवस्था देख रही नगर परिषद तक नहीं पहुंच पा रही है। तभी तो आलम ऐसा है कि नववर्ष आगमन पर इन दिनों लाखों पर्यटक मनाली के मॉल रोड़ पर दस्तक दे रहे हैं। पर उनका स्वागत किया जा रहा जगह-जगह फैली हुई गंदगी और टूटे हुए बैचों से और तो और शाम होते ही मनाली नगर परिषद की सभी गलियां रेहड़ी-फहड़ी मार्केट में तब्दील हो जाती हैं। आईबैक्स चौक से फ ायर स्टेशन मनाली तक फु टपाथों पर सिड्डू और मोमोज से स्टॉल लग जाते हैं जबकि सडक के दोनो ओर स्कूटर व मोटरसाइकिल खड़े होते हैं। जबकि आईबैक्स चौक से अंदर की और जाने वाली हर गली में सड़ा गला ड्राई फ्रूट, गुलाबजामुन बेचने वाले और नकली केसर शिलाजीत बेचने वाले कुंडली मार लेते हैं। अब हजारों की संख्या में मॉल रोड़ पर जो पर्यटक जाना चाहे वो कहां घूमे और क्या खरीदे। हालांकि नगर परिषद मनाली शहर की सुंदर एवं साथ सुथरा रखने के दावे तो हमेशा से करती रही है परंतु व्यवस्था नहीं बना पा रही है। पर्यटक तो परेशान हैं ही परंतु शहर के व्यवसायी भी बहुत परेशानी में हैं कि शहर की



बिगड़ती व्यवस्था को सुधारेगा और यही हालत रही तो आने वाले समय में मनाली कौन आना चाहेगा। मनाली प्रशासन और शहर की व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से जब बात की गई तो सबने व्यवस्था को सही रखने की बात की। इस संबंध में जब नगर परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी करुण भरमौरिया से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर परिषद अनाधिकृत रेहड़ी फ हडि?ों को उठाती तो है लेकिन वे लोग दूसरे दिन ही फि र लगा लेते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में उनके साथ को-ऑपरेट नहीं करती है। पुलिस उपाधीक्षक केडी शर्मा का इस संबंध में कहना है कि उन्हें नगर परिषद एवं एसडीएम मनाली की ओर जब भी इस संबंध में शहर में अनाधिकृत रेहड़ी फ हडि?ों को उठाने की सूचना मिलती है तो पुलिस पूरी तरह से उन्हें एसिस्ट करती है।मनाली व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर कहते हैं कि मनाली व्यापार मंडल हाल ही में शहर में फैली व्यापारिक अव्यवस्था एवं कूड़े कचरे के संबंध में मनाली प्रशासन एवं मनाली के विधायक से मिला है। संजीव ठाकुर का कहना है कि मनाली में खुले में व्यापार सहन नहीं होगा। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा से जब मनाली शहर में अव्यवस्था को लेकर बात की गई तो उन्होंने कहा कि शहर में टूटे हुए बैंचों को नगर परिषद मनाली को जल्द ही ठीक करवाने के लिए बोल दिया गया है। बाकी शहर में कूडादान रखवाए जा रहे हैं ताकि पर्यटन कूड़ा खुले में फेंकने की बजाय उसमें फैंके जबकि नगर परिषद, मनाली पुलिस और प्रशासन शहर में अनाधिकृत तौर पर लगी रेहड़ी-फ हडि?ों को उठाने की मुहिम आज से ही शुरू कर रहा है। उनका कहना है कि आने वाले समय में मनाली शहर सुव्यवस्थित रहेगा।

# सेरी बंगलो में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक पारितोषिक

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**राजकीय उत्कृष्ट** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरी बंगलों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़ी धूम.धाम से किया गया। करसोग विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी व कांग्रेस नेता महेश राज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष हरिओम शर्मा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।
मुख्यातिथि ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित



करते हुए कहा कि युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना चहिए। उन्होंने कहा कि आज के युवा कल का भविष्य है। युवा वर्ग को पूरी मेहनत और लगन के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। मुख्यातिथि द्वारा खण्ड व जिला स्तर पर भाग लेने वाले खिलाडि?ों और शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक विभिन्न गतिविधियों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पाठशाला के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात प्रधानाचार्य यादेश गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सराहन वार्ड किशोरी लाल, स्थानीय पंचायत प्रधान संतोष कुमारी, खंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रमेश ठाकुर, एसएमसी प्रधान यशपाल सहित विद्यालय के समस्त अध्यापक भी उपस्थित रहे।

# गाना पहाड़ा लेमन प्रोडक्शन के बैनर तले रिलीज

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। हिमाचल** के मशहूर गायक अभिषेक बीस्ट का नया गाना पहाड़ा लेमन प्रोडक्शन के बैनर तले रिलीज हो गया है। मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अभिषेक बीस्ट ने कहा कि पहाड़ा शिमला की एक लडक ी के बारे में एक गीत है जिसको उन्होंने कॉलेज के दिनों में लिखा था। उन्होंने कहा कि इस गीत को हिमाचल के खूबसूरत स्थानों पर फि ल्माया गया है जिसमें जिस्पा, मनाली, बीर बिलिंग, पालमपुर और धर्मशाला शामिल हैं।

# पाठशाला जाहु में जल संरक्षण व कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला जाहु में हिमाचल प्रदेश साइंस, टेक्नोलॉजी एंड एनवायरमेंट परिषद के निदेर्शानुसार जल संरक्षण व कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उपस्थित बच्चों व स्टाफ सदस्यों को ऊर्जा संरक्षण विषय पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। इस पाठशाला में परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से स्कूल परिसर में सोक पिट भी बनवाया गया है। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने विशेष



तौर से इस कार्यक्रम में उपस्थित रह कर कार्यशाला का अवलोकन किया व विस्तारपूर्वक विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। इको क्लब प्रभारी अनिल भरवाल की देखरेख में क्लब सदस्यों ने वेस्ट प्लास्टिक मटेरियल से बनाए गए गमलों की प्रदर्शनी भी लगाई। सम्मानित स्कूल अध्यापकों में रामस्वरूप, मनजीत कुमार, रवि कुमार, हंसराज, मीना कुमारी ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

# डांसिंग ढेफोडिल सीजन 12वां का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**प्रदेश सहित** कुल्लू जिले के सांस्कृतिक धरोहर विरासत के संरक्षण, संवर्धन व प्रचार प्रसार में सूत्रधार कला संगम की अहम भूमिका है। उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग गत सायं सूत्रधार कला संगम द्वारा आयोजित डांसिंग ढेफोडिल सीजन 12वां के शुभारंभ के अवसर बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि कुल्लू जिले कि अपनी समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाजों के चलते देश भर में अलग पहचान है। जिसका भावी पीढ़ी के सरक्षण व संबर्धन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सूत्रधार कला संगम पिछले 47



सालों से जहां जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी के लिए सरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है वहीं बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी है। संस्था द्वारा हर वर्ष सर्दियों की छुट्टियों में बच्चों के लिए कम अवधि के कोर्सेज चलाये जा रहे हैं।ताकि बच्चे सर्दियों की छुट्टियों का सही उपयोग कर अपनी प्रतिभा को संवार सके।

उन्होंने कहा कि संस्था के कलाकार आज राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले तथा प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने संस्था के कलाकारों को हाल ही में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान सहित ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा करने पर बधाई दी। इस अवसर उपायुक्त ने सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा गत दिनों पूर्व बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने पर प्राप्त ट्रॉफि यों को जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को सौंपा। उपायुक्त ने सूत्रधार कला संगम भवन के जीणोर्धार के लिए पांच लाख रुपए की धनराशी भी मंजूर की।

# थानाकलां स्कूल के वार्षिक समारोह में नाटी की रही धूम

## 54 टॉपर रहे छात्रों को मिले टेबलेट, 41 को बांटे राहत चैक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**कुटलैहड़ विस** क्षेत्र में पहली कक्षा से लेकर उच्च स्तर की शिक्षा तक छात्रों को हर सरकारी स्कूल में बेहतर सुविधाएं मिले। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के छात्र राज्य में टॉपर बने। इसी संदर्भ पर हमने बीते एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ में काम किया है। यह बात कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुटटो ने शुक्रवार को राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में वार्षिक पारितोषिक वित्तरण समारोह के दौरान कही। भुटटो ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के आशीर्वाद से कुटलैहड़ विस




क्षेत्र में शिक्षा का मूलभूत ढांचा सुदृढ़ हो रहा है। हर स्कूल में स्टाफ भी मुहैया हो रहा है। भुटटो ने कहा कि बीते 5 वर्ष हमने देखा है कि कैसे कुटलैहड के हर स्कूल में राजनीति के कुछ चुनिंदा लोग शिक्षा के क्षेत्र को राजनीति हब बनाते थे। हमने जीतने के बाद इस प्रथा को खत्म किया है। समारोह के दौरान विधायक देवेंद्र भुटटो ने 54 स्कूल के टॉपर रहे छात्रों को टेबलेट और 41 जरूरतमंदों को राहत चैक वितरण किए। वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। विधायक देवेंद्र भुटटो ने थानाकलां प्राईमरी स्कूल में 14 लाख से बने चार कमरों का भी विधिवत उद्घाटन करके छात्रों को समर्पित किया। स्कूल प्रधानाचार्य संजीव पराशर द्वारा वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की कुछ मांगो को मुख्यातिथि के समक्ष रखा गया। विधायक भुट्टो ने थानाकलां स्कूल के लिए 10 लाख शौचालयों के लिए दिए। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, अजय शर्मा, बीडीसी सदस्य अच्छरो बीबी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ऊना खेल छात्रावास के सुमित ने जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**जिला खेल विभाग** ऊना के खेल छात्रावास का खिलाड़ी सुमित ठाकुर राष्ट्रीय स्तर की स्कूली स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन किया है। सुमित ठाकुर ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में हुई अंडर-19 स्कूल स्तरीय राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल के लिए स्वर्ण पदक झटका है। सुमित ने प्रतिद्वंद्वी दिल्ली के खिलाड़ी को एक तरफा मात दी है। खिलाड़ी की उपलब्धि से समूचा प्रदेश गौरवांवित हुआ है। खेल छात्रावास ऊना में भी खुशी की लहर है। सुमित ठाकुर 30 दिसंबर को ऊना पहुंचेगा, जहां पर खेल विभाग द्वार गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा। खेल विभाग के कुश्ती कोच प्रिंस पठानिया ने बताया कि चंबा निवासी सुमित ठाकुर वर्तमान में खेल छात्रावास ऊना में रहकर पहलवान बनने के गुर हासिल कर रहा है। इसी



प्रशिक्षण के बलबूते सुमित ठाकुर ने 72 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया है। फाइनल कुश्ती के मुकाबले में सुमित की टक्कर दिल्ली के प्रेम पहलवान से हुई। इसमें सुमित ने एक तरफा मुकाबले में मेजबान राज्य दिल्ली के प्रेम को 10-0 से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोच प्रिंस पठानिया ने बताया कि सुमित ठाकुर होनहार छात्र के साथ उत्कृष्ट पलवान के रूप में पूरे प्रदेश का नाम बुलंदियों पर पहुंचाया है।

उधर सुमित ठाकुर ने अपनी सफलता का श्रेय कुश्ती कोच प्रिंस पठानिया एवं गुरुजनों सहित परिजनों को दिया है। जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड ने कहा खेल विभाग के प्रशिक्षक अपने खिलाड़ियों को बेहतर ढंग से तैयारी करवाते हैं उसी का नतीजा है कि खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं।

## कल्लर में गुरू के साहेबजादों की शहादत को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर**

गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फ तेह सिंह जी एवं माता गुजरी जी का शहीदी दिवस मनाया गया। गुरुद्वारा सच्च खंड साहिब कल्लर में सुबह नितनेम उपरांत शब्द कीर्तन में भाई गुरचरण सिंह जी ने संगत को निहाल किया। भाई गुरदीप सिंह और बीबी सुखजीत कौर ने शब्द कीर्तन कर गुरूओं की महिमा का गुणगान किया। ग्रंथी भगत सिंह ने कथा सरवन करवाई जबकि बीबी दर्शन कौर ने निकियां जिंदा बड़ा साका कविता सुनाई। वहीं भगत सिंह ने बताया कि इन कुर्बानियों ने देश और धर्म को जीवित रखा।

# निगम की आमसभा हुई आयोजित, शहर में विकास कार्यो को तेजी देने पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**नगर निगम** सोलन के हॉल में शुक्रवार को निगम की नवनिर्वाचित मेयर उषा शर्मा की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें दो पार्षद वार्ड नं 9 से शेलेंद्र गुप्ता और वार्ड नं 10 की पार्षद ईशा पराशर को छोडकर सभी पार्षदों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शहर में विकास कार्यों को किस तरह से गति दी जाए इसको लेकर चर्चा की गई बैठक में शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए ओटी बनाने की बात पर भी चर्चा की गई जो कि नगर निगम सोलन द्वारा शहर के शुलिनी मंच के नीचे बनाया



जाना है इसी के साथ सोलन शहर में लंबे समय से सीवरेज व्यवस्था और पानी के पीने की लाइन को नहीं बदला गया है इसे बदलने को लेकर भी आमसभा में विशेष रूप से चर्चा की गई है ।निगम की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि शहर में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए आज आमसभा के दौरान से राय लेकर चर्चा की गई है कि शहर में किस तरह से लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाए इसलिए निगम आने वाले समय में कार्य करेगी उन्होंने कहा कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक ओटी बनाई जाएगी जहां पर आवारा कुत्तों की इलाज किया जा सकेगा इसी के साथ शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए के नगर निगम की स्थायी समिति का गठन भी निगम की मेयर उषा शर्मा द्वारा किया गयाएइसके अलावा नगर निगम सोलन में पानी के मुख्य टैंकों को ढकने और छत लगाने के टेंडर के बारे में भी आमसभा में चर्चा की गई वहीं इसी के साथ नगर निगम सोलन के सभी वार्डों में सरकारी व शामलात जमीनों को नगर निगम सोलन के नाम स्थानांतरित करने के बारे में भी बैठक के दौरान चर्चा हुई।

**एम्बुलेंस को लेकर आमसभा में बवालए पार्षद का सवाल रू एम्बुलेंस प्रोपर्टी निगम कीएतो किसकी परमिशन से भेज दिया सायरी अस्पताल**

नगर निगम सोलन की आमसभा में निगम को मिली एम्बुलेंस को सायरी अस्पताल भेजने के मुद्दे पर बवाल देखने को मिला हैएवार्ड नं एक से निर्दलीय पार्षद मनीष सोपाल ने मुद्दा उठाया कि जब एम्बुलेंस निगम की प्रॉपर्टी थी तो बिना निगम की सहमति से उसे कैसे सायरी अस्पताल भेज दिया गया है। इसको लेकर निर्दलीय पार्षद और मनोनीत पार्षदों के बीच बहस का माहौल भी देखने को मिला।

# घनारी में विधायक चैतन्य शर्मा ने मेधावियों को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय उत्कृष्ट** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनारी में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक चैतन्य शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और वर्ष भर स्कूल की विभिन्न गतिविधियों के मेधावी विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया। समारोह के दौरान विद्याथीयों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने अंदर छिपे हुनर की ऐसी छटा बिखेरी कि समारोह में मौजूद हर कोई भाव विभोर हो उठा। प्रधानाचार्य ललित चौधरी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। विधायक चैतन्य शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने चुनाव शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के मुद्दे पर लड़ा था और उसी दिशा में सरकार की तरफ से मैने संघनई में डे बोर्डिंग स्कूल स्वीकृत करवा लिया है, जिसका कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि हर पांच पंचायतों में एक उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा। घनारी स्कूल पहले से ही उत्कृष्ट विद्यालय है, इसलिए यहां की तमाम मांगें प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएंगी। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त स्टाफ के साथ, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, महासचिव वेद पाराशर, पूर्व जिला पार्षद अश्वनी ठाकुर, पंडित राम लुभाया, घनारी के प्रधान कर्म सिंह, एसएमसी प्रधान सीमा चौधरी, युवा कांग्रेस प्रधान अमन ठाकुर, आत्मा प्रॉजेक्ट के चेयरमैन अजय ठाकुर, शौर्य चक्र विजेता कैप्टन सुशील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'पटेल कम्पनी उच्च न्यायलय के आदेशों के अवहेलना कर अवैध खनन-को दे रही अंजाम'



**टीम एक्शन इंडिया/ किन्नौर/ अनिल**

**प्रदेश उच्च** न्यायालय के आदेश को किस प्रकार से अवहेलना कर निमार्णाधीन 450 मेगावाट की शौगठोग करछम जलविद्युत परियोजना का निर्माण किया जा रहा है और पटेल कम्पनी द्वारा इस कार्य के लिए अवैध तरीके से सतलुज नदी पर खनन किया जा रहा है लेकिन जिला प्रशासन व जलविद्युत परियोजना प्रबंधन मुक दर्शक बन तमाशा देख रहा है, यह बात पूर्बनी ग्राम पंचायत के ग्रामीण व याचिकाकर्ता दुर्गा चंद नेगी ने पोवारी में मीडिया को कही है। दुर्गा चंद नेगी ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने पोवारी के पास खसरा नम्बर 810/2 पर किसी प्रकार के कार्य न करने की आदेश ;सटे द्ध जारी किए है लेकिन पटेल कम्पनी जो जलविद्युत परियोजना के निर्माण कार्य की मुख्य ठेकेदार कम्पनी है वह प्रदेश उच्च न्यायलय के आदेश को ताक पर रखकर सतलुज नदी पर गुपचुप तरीके से अवैध खनन का कार्य शुरू किया है। याचिका कर्ता दुर्गा चंद ने बताया कि तांगलिंग व पोवारी चैक के 810/2 खसरा नम्बर पर बना एप्रोचर सडक मार्ग प्रयोग न करने के प्रदेश उच्च न्यायालय ने 22-6-23 आदेश जारी किए था परंतु पटेल कम्पनी खुलेआम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर उक्त खसरा नम्बर पर बनीं, प्रोचर सडक का प्रयोग हो रहा है। और उच्च न्यायलय के आदेशों की अवहेलना कर कम्पनी सतलुज नदी का सीना छलनी कर खनन कर रही है, जिसका उन्होंने मौके से वीडियोग्राफ ी भी किया है जहां सतलुज नदी पर कम्पनी के मशीनरी मौके पर पाई गयी और एक डंम्पर भी एप्रोचर सडक के नजदीक में देखा गया है जो प्रदेश उच्च न्यायलय के आदेशों की उलंघना है उन्होंने कहा कि वें इन साक्ष्यों को भी प्रदेश उच्च न्यायलय के समक्ष रखेंगे।

# निमेलरी स्कूल में पारितोषिक समारोह का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही धूम

**टीम एक्शन इंडिया/ जोगिंद्रनगर/ संगराय**

**आज ग्रामीण** क्षेत्र के स्कूलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है जरूरत है प्रतिभाओं को निखारने की जिसका दायित्व पाठशाला के अध्यापक वर्ग को जाता है कि वह ऐसी प्रतिभाओं को निखर कर बाहर लाएं यह बातें आज प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने इस पाठशाला के समारोह की अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि आज स्वस्थ समाज के निर्माण का होना जरूरी है जिसकी जिम्मेवारी आज के उज्जवल भविष्य पर



निर्भर करती है। छात्र वर्ग को नशे से दूर रहना चाहिए। आज कुछ संदीप जो लोग शिक्षण संस्थानों के आसपास नशे को परोसने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों पर अध्यापक व मां-बाप की कड़ी नजर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों को आज इनाम वितरण किए गए उन्हें बधाई भजन बच्चों को इनाम नहीं मिले हैं उन्हें अगले पारितोषिक वितरण के लिए इनाम हासिल करने मेंके लिए दक्ष होना चाहिए। उन्होंने पाठशाला के प्राध्यापक वर्ग को आश्वासन दिया कि पाठशाला में जो भी समस्याएं हैं उनका सरकार के माध्यम से या ऊपर के माध्यम से समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की भी उन्होंने सराहना की। उन्होंने इस समारोह के सफ ल आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर इंदर सिंह, रणवीर, सुरेश पाराशर, नागेश प्रताप बहाने की पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मरम्मत के नाम पर मिट्टी भर दी विश्वकर्मा चौक के गड्ढों में

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश के पांच** जिलों के जोनल मुख्यालय मंडी के प्रवेश द्वार विश्वकर्मा चौक की बदहाली को लेकर जब सुर्खियां बनी तो मरम्मत के नाम पर गुरूवार को लोक निर्माण विभाग ने सुबह ही मजदूरों की एक टोली यहां भेज दी। मजदूरों के हाथ में जो था उन्होंने कर दिया क्योंकि यहां गड्ढे भरने के लिए तारकोल, बजरी या सोलिंग जैसा कोई मटीरियल उपलब्ध नहीं था। नतीजन मजदूरों ने आधे दिन में इन गड्ढों में यहां पर बरसात में गिरे ल्हासे से मिट्टी उठाकर इनमें भर दी। नालियों में फसा मलबा भी कुछ हिला दिया।



इससे पानी का सडक पर बहना तो रूक गया मगर मिट्टी से हालत और अधिक बदतर होने लगी क्योंकि यह मिट्टी धूल बन कर शहर में पहुंच रही है। कालेज रोड़ के लोगों व दुकानदारों का तो जीना हराम हो गया है। नगर निगम के कारिंदों ने कोई संज्ञान नहीं लिया जिससे नालियों में जमा गंदगी बरकरार हैं। बंद नालियों को साफ करने के नाम पर महज लीपापोती ही की गई। साथ ही मरम्मत के नाम पर भी मजाक से ज्यादा कुछ नहीं हुआ। इतना जरूर हुआ कि सडक पर पानी का जाना बंद हुआ तो सडक सूख गई और गुरूवार को फिसलन कम हो गई। ऐसे में जहां बुधवार को आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन यहां स्किड हुए थे, वह क्रम गुरूवार को थमा रहा। शहर के लोग हैरान है कि जब यह छोटा सा काम ही विभाग, प्रशासन व नगर निगम से नहीं हो रहा है तो बड़े काम कैसे होंगे। लोगों का साफ आरोप है कि अफसरशाही को किसी का भी डर नहीं है। जनता की किसी को परवाह नहीं है। वीरभद्र सिंह जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने मंडी जिले के दौरे में मंडी से गोहर जाते हुए जब नेरचौक के पास टूटी सडक पर पड़े गड्ढों को मिट्टी से भरते पाया तो एकदम से इसे रूकवाया और इसमें सही तरीके से पत्थर डाल कर उसे भरने के आदेश दिए। यही नहीं उस दिन उन्होंने गोहर की जनसभा में साफ चेतावनी दी कि यदि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इसी तरह से मनमानी करके जनता को परेशान करेंगे, सडकों के गड्ढे मिट्टी से भर कर लोगों को धूल परोसेंगे तो उन्हें उनके पद से डिमोट कर दिया जाएगा। इस हुडकी ने काम किया और सभी सडकें सही तरीके से मरम्मत होने लगी। अब लगता है कि कोई सुनने वाला नहीं। खास कर मंडी वालों की तो किसी को परवाह नहीं।

## मंदली में दो पक्षों के बीच मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** बंगाणा के तहत मंदली में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष ने पुलिस को दी शिकायत में मंदली के वार्ड पंच बृजवाला ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर गांव की नीलम कुमारी उसका पति दविंद्र कुमार व बेटा अभिषेक ने मेरे व मेरी सास के साथ गाली गलौच करी। इतना ही नहीं रास्ता रोककर मारपीट की। वहीं नीलम कुमारी ने आरोप लगाया कि गांव की ही बृज बाला और ईश्वरी देवी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए रास्ता रोककर मारपीट की।

# राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में अंग्रेजी विभाग ने करवाया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**स्वामी विवेकानन्द** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में अंग्रेजी विभाग ने साहित्य से संस्कृति तक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कविता गायन, भजन गायन, पंजाबी, हिमाचली, हरियाणवी और कश्मीरी नृत्य प्रस्तुत किये गए। विद्यार्थियों द्वारा इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के स्वयं पकाए हुए व्यंजन भी प्रस्तुत किये गए। प्रो. प्रीतम लाल ने अपने सम्बोधन में अंग्रेजी विभाग



को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए साहित्य और संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहित्य और संस्कृति का आपस में प्रगाढ़ सम्बन्ध हैं। विद्यार्थियों से आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी संस्कृति के संरक्षण में अद्वितीय भूमिका अदा कर सकती हैं तथा हमें हमेशा संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए कार्य करते रहना चाहिये।

# 'बिना तथ्यों की जानकारी के प्रदेश के मुखिया का बयान गैरजिम्मेदाराना'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**पराला में लगभग** 100 करोड़ की लागत बने फु ड प्रोसेसिंग प्लान्ट का उद्घाटन करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का ये कहना कि हमने रिकार्ड समय में ये फु ड प्रोसेसिंग प्लान्ट तैयार किया। यह तर्कहीन एवं तथ्यहीन है। प्रेस में जारी विज्ञप्ति में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि प्रोसेसिंग प्लान्ट एक साल मे 20000 मीट्रिक टन सेब क्रश करेगा। जिससे ये 1800 से 2000 मीट्रिक टन जूस और एपल विगेनर तैयार करेगा। चेतन बरागटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर इस तरह का आधुनिक तकनीक से निर्मित फु ड प्रोसेसिंग प्लान्ट पूर्व भाजपा सरकार की देन है।

चेतन बरागटा ने कहा दिवंगत नेता, पूर्व बागबानी मंत्री नरेंद्र बरागटा का यह ड्रीम प्रोजेक्ट किसानों व बागबानों के प्रति विकासशील सोच का परिणाम है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में बागवानी के क्षेत्र में पूर्व बागवानी मंत्री नरेन्द्र बरागटा ने किसानों बागवानों को सुविधाएं देने के लिए प्रदेश के अंदर फ ल एवं सब्जी मंडियों का विस्तार किया गया। इसी कड़ी में जिला शिमला के ठियोग की पराला मंडी को इंटरनेशनल मंडी बनाने का नींव नरेन्द्र बरागटा ने रखी थी।

# कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई से हो रहा है सैंकड़ों किसानों का नुकसानः अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**केन्द्रीय मंत्री एवं** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है की बिलासपुर जिला में दो कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई के कारण सैंकड़ों किसान परिवारों को करोड़ों रुपयों की हानि उठानी पड़ रही है और यह दोनों नेता किसानों के हितों से खिलवाड़ करके उनकी आर्थिक स्थिति को कमजोर करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नियमानुसार खैर कटान हर 10 वर्ष के बाद किया जाता है जिससे खैर उत्पादक किसानों को करोड़ों रुपयों की आय अर्जित होती है। किन्तु आश्चर्य है कि बिलासपुर के दो बड़े कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई के कारण विभाग पर कथित विभिन्न प्रकार के दबाव डाले गए हैं।

यह दोनों नेता एकण्दूसरे के हितों को हानि पहुंचाने व अपने हितोंब की रक्षा करने का खेल खेलते रहते हैं। जिस कारण वर्ष 2022 में 10 वर्ष बाद होने वाले खैर कटान के लिए न तो विभाग खैर के पदों की नंबरिंग कर पाया है और न ही कटान हो रहा है जिस कारण किसानों को अपने पेड़ों का धन प्राप्त नहीं हो पाया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नियमानुसार इन कार्यों को करने का समय बीत चुका है और किसान अपने पेड़ों की आय से हाथ धो बैठें हैं और उन्हें भारी हानि हुई है। उन्होने कहा कि इस बारे सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और नई नीति निर्धारित करके दोबारा खैर कटान करने की आज्ञा देनी चाहिए जबकि सरकार को संबन्धित विभाग को बिना किसी के दबाव व प्रभाव के ऐसे मामलों में उचित कदम उठाने के कड़े आदेश देने चाहिए।

